आकाशवाणी शिमला
03.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800 बजे

दिशानिर्देश

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के दूसरे चरण के दिशा–निर्देश जारी किए हैं। इसमें गैर–संक्रामक रोगों, मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों और व्यवहार संबंधी चिंताओं सहित आधुनिक स्वास्थ्य चुनौतियों को शामिल किया गया है। इसमें जन्म से लेकर 18 वर्ष की आयु तक के बच्चों के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए अधिक व्यापक और जीवनचक्र आधारित दृष्टिकोण अपनाया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार दिशा–निर्देशों का जारी किया जाना प्रत्येक बच्चे के लिए सुलभ, समान और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस बीच, केन्द्र सरकार ने बच्चों में मधुमेह को लेकर भी दिशा–निर्देश जारी किए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि यह दिशानिर्देश पहली बार बचपन में मधुमेह की जांच, निदान, उपचार और दीर्घकालिक प्रबंधन के लिए एक मानकीकृत राष्ट्रीय ढांचा उपलब्ध कराता है।

स्पष्टीकरण

स्वास्थ्य विभाग ने शिमला ज़िला के रामपुर स्थित खनेरी अस्पताल के नर्सिंग छात्रावास में टी.बी. मामलों से जुड़ी खबरों को भ्रामक बताया है। विभाग ने स्पष्ट किया कि नर्सिंग छात्रावास में केवल 2 छात्राएं टी.बी. पॉज़िटिव पाई गईं थीं जिनका समय पर उपचार शुरू किया गया। इनमें से एक छात्रा पूरी तरह स्वस्थ है जबकि दूसरी छात्रा नियमित इलाज पर है। विभाग ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और केवल आधिकारिक व प्रमाणिक जानकारी पर ही विश्वास करने की अपील की है।

भाजपा

प्रदेश भाजपा पंचायती राज व नगर निकाय चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक आज शिमला स्थित पार्टी मुख्यालय में हुई। पार्टी उपाध्यक्ष व विधायक विपिन परमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में नगर निगम व नगर निकाय चुनाव तैयारियों की व्यापक समीक्षा की गई। परमार ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जनता को झूठे वायदों से ठगा है और अब जनता उन्हें इन चुनावों में जवाब देने के लिए तैयार है। इन चुनावों को विधानसभा चुनाव का सैमी फाइनल बताते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता में कांग्रेस सरकार के खिलाफ गहरा आक्रोश है।

अनुराग शर्मा

राज्यसभा सांसद व कांगड़ा ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने प्रदेश में हो रहे नगर निगम चुनावों में कांग्रेस पार्टी की जीत का दावा किया है। धर्मशाला में आज पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रदेश में मज़बूती से चुनाव लड़ रही है। पालमपुर और धर्मशाला नगर निगम चुनावों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हर वार्ड में उम्मीदवार उतारे हैं जिनमें नए चेहरों, युवाओं और अनुभवी नेताओं का संतुलन रखा गया है।

परिणाम

प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड कल 4 मई को सुबह 11 बजे बारहवीं के परीक्षा परिणाम घोषित करेगा। बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर राजेश शर्मा ने बताया कि इस बार 81 हज़ार 4 सौ 11 विद्यार्थियों ने ये परीक्षा दी है। उन्होंने कहा कि बोर्ड ने परीक्षा परिणाम घोषित करने की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और ये परिणाम पूरी तरह से डिजिटल माध्यम से उपलब्ध होगा। छात्र बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर रोल नंबर डाल कर तुरंत अपना स्कोर कार्ड देख सकेंगे।

दुर्घटना

कांगड़ा ज़िले के नूरपुर क्षेत्र में आज एक निजी बस के अनियंत्रित होकर सड़क पर पलटने से 26 यात्री घायल हो गए। घायलों में 3 लोगों की हालत गम्भीर बताई जा रही है जिनका टांडा मैडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। इस बीच शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आनी में कल शाम हुई सड़क दुर्घटना में घायल दो अध्यापिकाओं का आज आई.जी.एम.सी. शिमला में कुशलक्षेम जाना। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को घायलों को बेहतरीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

अग्नि सुरक्षा सप्ताह

केन्द्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय सभी राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों, संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों के सहयोग से कल से अखिल भारतीय 'अग्नि सुरक्षा सप्ताह' मनाएगा। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य केंद्रों में अग्नि संबंधी खतरों की रोकथाम और निवारण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

निर्विरोध पंचायत

सिरमौर ज़िले में गिरिपार क्षेत्र की टटियाणा पंचायत में लगातार दूसरी बार सभी जन प्रतिनिधि सर्वसम्मति से चुने गए हैं। इस पंचायत में प्रधान पद के लिए पूनम शर्मा, उपप्रधान पद के लिए दाता राम शर्मा, बी.डी.सी. सदस्य के लिए प्रियंका शर्मा के नाम पर सहमति बनी है। सर्वसम्मति से उपप्रधान चुने गए दाता राम शर्मा ने बताया कि सभी पदाधिकारी लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे और पंचायत के विकास को नई गति देने की कोशिश की जाएगी।

....